प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक 13.09.2024

जनपद अम्बेडकरनगर थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त जायद पुत्र इस्लाम को 05 किलो 400 ग्राम अवैध गांजे के साथ किया गया गिरफ्तार।

जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध वअपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना बसखारी पुलिस टीम उ0नि0 विनय कुमार सिंह मय हमराह टीम द्वारा आज दिनांक 13.09.2024 को शुकुल बाजार हाईवे के पश्चिम मोड़ पर संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान एक सफेद रंग की अपाचे मोटर साइकिल से एक व्यक्ति, जो अपनी पीठ पर पिठ्टू बैग टांगा था, आजमगढ की तरफ से आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। अभियुक्त के रुकने पर वह दाहिने लिंक रोड पर मुड़कर भागने का प्रयास किया जिसे बुकिया मरौचा मोड़ की पुलिया पर पुलिस टीम द्वारा घेर घार कर पकड लिया गया ।अभियुक्त से भागने का कारण पूछने पर बताया कि उसके पास अवैध गांजा है इसलिए पुलिस को चेकिंग करते देख वह भागने लगा। पुलिस द्वारा अभियुक्त के बैग से अवैध गांजा (05 किलो 400 ग्राम) जिसकी अन्तराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 लाख रुपये है, बरामद हुआ । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0. 292/2024 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया । घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की अपाची मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी0 एक्ट में सीज किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विवरण पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 292/24 धारा 8/20 NDPS ACT थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर ।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त-

जायद पुत्र इस्लाम नि0ग्राम बाधा नाला शंकरपुर थाना छावनी जनपद बस्ती।

विवरण आपराधिक इतिहास -

मु0अ0सं0- 292/2024 धारा 8/20 NDPS ACT थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।

गिरफ्तारी का स्थान- आजमगढ बस्ती हाईवे बुकिया मरौचा मोड़ पुलिया पर **समय -** 18.10 बजे

विवरण बरामदगी-

01 .एक अदद अपाचे मोटर साइकिल वाहन सं0- UP 53 CX 9062, रंग सफेद।

02. 05 किलो 400 ग्राम नाजायज गांजा (जिसकी अन्तराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 लाख रुपये है)

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

1.प्र0नि0 सन्त कुमार सिंह थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर

2.उ0नि0 विनय कुमार सिंह थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर

3.का0 अवनीश सिंह थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर

4.का0 गुलाम गौस थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर

5.का0 संजय कुमार थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर

6.का0 विनय कुमार थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर ।